तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 31 दिसंबर 2023




12 आमाझोला में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना...


12 देवांगन समाज की बैठक में कई प्रस्ताव...




## खबर संक्षेप

### ग्राम भिरौद में रासेयो शिविर 4 जनवरी तक



**कांकेर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के पहले दिन विशेष शिविर ग्राम भिरौद में हुआ। शिविर 29 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगा। ग्रामवासियों व शिविरार्थियों को शिविर का लाभ मिलेगा। शिविर नियम पालन की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत भिरौद की सरपंच लता नेताम, विशेष अतिथि तितरा राम पटेल, दिनेश सूर्यवंशी, दानेश्वर शर्मा, प्रेम सिंह नेताम, एसपी नेताम, दलनायक कुशध्वज साहू, देवेश हिरवानी, गीतेश सरोज, परमेश्वर सलाम, अंबिका, शिवंगी, पूर्णिमा, सुजाता, निहारिका, मुन्नी शोरी व ग्रामीणों उपस्थित रहें।

### पीजी कॉलेज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 2 को

**कांकेर।** शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 2 जनवरी मंगलवार को सुबह 11 बजें महाविद्यालय परिसर मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव व नगर पालिका अध्यक्ष सरोज ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

### स्मृति चिन्ह देकर कलाकारों को किया जा रहा प्रोत्साहित



**चारामा।** छत्तीसगढ़ की माटी में अनेक प्रतिभावान कलाकारों ने जन्म लिया है और अपनी कलाकारी से छत्तीसगढ़ की माटी का मान बढ़ाया है। इन दिनों छत्तीसगढ़ में एक गीत जोर शोर से वायरल हो रहा है, जिसका नाम है, बस्तरिहा गाना क्या बच्चे क्या बूढ़े ,क्या जवान सभी इस गीत पर जमकर रील बना रहे हैं। बस्तर के परंपरागत कर्मा नृत्य को इस गीत में हिमांशु यादव, इशिका चौहान और रास परब डांस ग्रुप ने जीवंत कर दिया है, वहीं हिरेश सिन्हा एवं जितेश्वरी सिन्हा ने इस गीत को आवाज देकर के कर्णप्रिय बना दिया है। इस गीत से जुड़े हर कलाकार को उनके घर पहुँच कर स्मृति चिन्ह भेंट किया है।

### पीएम आवास योजना से कमलेश्वर का सपना पूरा

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के ग्राम किरगोली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कमलेश्वर मंडावी ने बताया कि पहले उनका परिवार मिट्टी के मकान में रहते थे। खपरैल का मकान होने के कारण बरसात के दिनों में घर में जगह-जगह पानी टपकने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। साथ ही मिट्टी के दिवाल के गिरने का भी डर लगा रहता था। हितग्राही ने बताया कि वे गरीब किसान है और पक्का मकान बनाने में असमर्थ था, फिर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उनका पक्का मकान बना और उनकी कच्चे मकान में होने वाली परेशानियां दूर हुईं। अब उनका स्वयं का मकान बनाने का सपना पूरा हुआ, अब वे और उनका परिवार पक्के मकान में सुकून से रहते हैं।

### वनमंत्री हसदेव जंगल को बचाएं : मौर्य

**जगदलपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वनमंत्री केदार कश्यप आदिवासी वर्ग से हैं और जल जंगल और जमीन की क्या अहमियत होती है उन्हें समझ है और मैं आशा करता हूं कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री जो सरगुजा संभाग से आते हैं पर वे हंसदेव जंगल के कटाई पर मौन हैं।

# 50 प्रतिशत उपभोक्ता ईकेवायसी से वंचित, तिथि में वृद्धि के हैं संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

घरेलू गैस के आधे उपभोक्ता भी अब तक ई केवाईसी नहीं करा पाए है। इसके चलते गैस उपभोक्ताओं के साथ एजेंसियों को भी बड़ी राहत के लिए ई-केवाईसी की तारीख बढ़ाने के संकेत मिल रहे हैं। इसके साथ- साथ उज्वला गैस कनेक्शन के लिए फार्म जमा किए जा रहे हैं, जिसके चलते ऑयल कंपनियां ई केवाईसी को तारीख आगे बढ़ा सकती है। इससे गैस एजेंसियों में लग रही लंबी कतार से मुक्ति मिलेगी।

भविष्य में केन्द्र सरकार की ओर से घरेलू गैस कनेक्शन पर ज्यादा सब्सिडी देने की तैयारी चल रही है। कई लोग एक बार गैस कनेक्शन लेकर उसकी अपडेट नहीं कराते हैं और लंबे समय तक सिलेंडर उठाते रहते है। ऐसे में अब केंद्र सरकार की गाईड लाईन की तहत सभी उपभोक्ता का ई- केवाईसी अपडेट कराना होगा।

इससे उपभोक्ताओं को यह फायदा होगा कि योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी की राशि सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में जाएगी। प्रायः हर कंपनी के एजेंसी उपभोक्ता से फिंगरप्रिंट लेकर ई-केवाईसी करा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ई-केवाईसी की अंतिम तारीख 31 दिसंबर तय की गई थी। लेकिन, अभी तक आधे गैस उपभोक्ताओं ने ई केवाईसी कराया है। अब कंपनियों ने 31 मार्च तक अपना ई- केवाईसी कराने की सहूलियत देने के संकेत दिए जा रहे हैं।

## सभी उपभोक्ताओं को कराना होगा ईकेवायसी अपडेट

### वारिस को लेकर परेशानी

पीएम उज्जवला योजना के कई हितग्राहियों की मौत हो गई है। अब उनको वारिस के लिए परेशान होना पड़ रहा है। पहले महिलाओं के नाम पर इस योजना का सिलेंडर दिया गया था, लेकिन संबंधित हितग्राही की मौत होने के बाद किसे वारिस बनाना है, यह लोगों के लिए पहेली बनी हुई है। खास बात यह है कि कई घरों में दो - दो कनेक्शन है। इसमें एक पीएम उज्जवला का दूसरा सामान्य कनेक्शन है। सभी का आधार और बैंक एकाउट लिंक होना जरूरी है।




### बोगस कनेक्शन होंगे रद्द

सिलेंडर लेने पहुंच रहे उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक से फिंगरप्रिंट लेकर ई- केवाईसी कर रहे हैं। ऐसे में जिनका कनेक्शन है, वही पात्र रहेंगे। बोगस कनेक्शन रद्द हो जाए। यह बताना लाजिमी होगा कि कई लोग जो गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करते हैं, वे कई अवैध कनेक्शन ले रखे होते है और एक ही एकाउट पर सब्सिडी ले रहे हैं। वास्तविक में उक्त कनेक्शन के नाम से कोई व्यक्ति नही रहता है। ई- केवाईसी से इस पर अंकुश लगेगा।

## अपराध : शराब दुकानों में चोरी में आया नया पेंच

# रिटायर्ड जवान के घर में की चोरी, फिर शराब दुकानों से दस लाख लेकर चंपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोतवाली थानांतर्गत बरदेभाटा

- जवान परिजनों के साथ छुट्टी मनाने गए थे विशाखापट्टनम
- चोरों ने घर में रखी शराब को पी, बाइक और नकद लेकर शराब दुकान में चोरी को दिया अंजाम

में निवासरत आर्मी के सेवानिवृत्त जवान के सूने मकान में 27 और 28 की दरमियानी रात को चोरो ने धावा बोल दिया। चोर सेवानिवृत्त आर्मी जवान के घर से नगदी सहित मोटर सायकल चोरी कर ले उड़े। यही चोर यहाँ से चोरी करने के बाद शराब दुकान में चोरी को अंजाम दिया और शराब दुकान से साढ़े 10 लाख नगदी चोरी करके चंपत हो गए। पुलिस दो दिनों से मामले की जाँच में जुटी, पुलिस की मानें यही चोर 26 दिसंबर को कोंडगांव में तीन घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली में शिकायत करने पहुँचे बरदेभाटा निवासी सेवानिवृत्त आर्मी के जवान 42 वर्षीय गजेन्द्र साहू पिता स्व. सुन्दर साहू ने पुलिस को बताया कि चारामा थानांतर्गत ग्राम डोकला में भी घर है। वर्तमान मे उप संचालक कृषि शाखा सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी मे कृषि विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हूं। मेरा ग्राम बरदेभाटा कांकेर मे स्वंय का निजी मकान है। मै परिवार को लेकर 27 दिसंबर को जगन्नाथपुरी तथा विशाखापटनम घूमने के लिए गए थे। मकान में ताला लगा था, घर मे कोई नही था। दो दिन बाद 29 दिसंबर की रात को 11 बजे घर कांकेर आया तो देखा कि मकान के सामने गेट तथा अंदर के दरवाजो का ताला टुटा हुआ था। आंगन में रखी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएल 9221 तथा आलमारी के लॉकर में रखे सोने की अंगुठी 01 नग, नगदी रकम 1 लाख 50 हजार रूपएं नही था। सीसीटीव्ही कैमरे में तीन चोर की फोटो भी कैद हुई है, जो पुलिस को सौंपा हूँ। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।





### बाइक में लगी डिक्की को खेत पर फेंका

चोर सूने मकान में घुसकर आलमारी व अन्य सामान को फैला दिया वहीं घर में रखी एक बोतल शराब को पी गए, शराब के साथ बिस्कुट भी खाएं है। चोरो ने चोरी करने के उपरांत मोटर सायकल की चाबी लगाकर मोटर सायकल भी ले उड़े। मोटर सायकल में लगी डिग्गी को निकालकर खेत में फेंक कर नौ दो ग्यारह हो गए।

### चोरों ने पुलिस की नींद उड़ा दी

चोर सूने मकान में चोरी करने के बाद चोर शराब दुकान में पहुँचे और अंग्रेजी व देशी शराब दुकान के शटर को उठाकर तोड़ दिया और अंदर घुसकर नगदी रखी साढ़े 10 लाख और शराब की बोतल लेकर चंपत हो गए। चोरो ने पुलिस की नींद उड़ा दिया है।

### पुलिस खंगाल रही रिकार्ड

पुलिस चोरो के रिकार्ड को खंगाल रही है, पुलिस यह मान रही है कि चोर बाहर है, परंतु उनको संरक्षण देने का काम किसी स्थानीय चोर ने दिया है। चोरो ने जिस रास्ते का उपयोग किया है, वो कांकेर का जानकार होगा, तभी कच्चे खेत के रास्ते से होते हुए शराब दुकान पहुँचे।

## बाल संरक्षण प्रभारी ने एनसीसी कैडेट्स से किया संवाद एवं दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



एनसीसी कैडेट्स के आयोजित शिविर में बाल संरक्षण प्रभारी नुपुर उपाध्याय ने कैडेट्स को कानून की जानकारी देते हुए विस्तृत जानकारी दिया और जीवन में आने वाले दिक्कतों से कैसे बचा जा सकता है, इसके उपाय भी बताएं। नरहरदेव स्कूल में आयोजित 8 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र एनसीसी कंपनी के द्वारा आयोजित शिविर में बाल संरक्षण प्रभारी ने बालिका एनसीसी कैडेट्स को पाक्सो एक्ट और उस अपराध से संबंधित सजा के बारे में बताया।

इस अधिनियम को बच्चों के हित और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए बच्चों को यौन अपराध, यौन उत्पीड़न से बचने के उपाय बताए। डीएसपी ने कहा कि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति अगर किसी के साथ भी होती है तो बचाव की कार्रवाई कर सकते हैं।

बचाव के दौरान दांत से काटना, मुक्का मारना, जोर-जोर से चिल्लाना व अन्य उपाय कर सकते है। बाल संरक्षण प्रभारी के द्वारा बाल विवाह के अंतर्गत अपराधी को क्या सजा होगी, इस संबंध में आईपीसी की धारा के बारे में बालिका कैडेट्स को संपूर्ण जानकारी दी गई। अपने व्यक्तिगत जीवन कैडेटों को अनुभव साझा करते कहा कि पीएससी परीक्षा के तैयारी के दौरान किस प्रकार से पूरी लगन और मेहनत से उत्तीर्ण की। जवाहर नवोदय विद्यालय करप के गर्ल्स कैडेट्स निशा रानी व प्रीति साहू ने करियर एवं आत्मविश्वास से संबंधित प्रश्न पूछे इसके उत्तर में कहा कि गुणात्मक व मात्रात्मक अध्ययन बहुत जरूरी है तभी टारगेट को प्राप्त कर सकते हैं।

दूसरा सत्र डॉ. शशांक गुप्ता ब्लाक चिकित्सा अधिकारी के द्वारा कैडेटों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई उन्होंने बताया कि किस प्रकार आप अपने घर और स्कूल कॉलेज इत्यादि में है स्वच्छता को बनाए रख सकते हैं। स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य ठीक होना बहुत जरूरी है। कैंप में सुबह वॉलीबॉल का फाइनल मैच में अल्फा कंपनी विजयी रहे।

## नाली निर्माण से पाइप क्षतिग्रस्त सिलपट में महीनों से जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम लोहत्तर पंचायत के आश्रित ग्राम सिलपट में सड़क किनारे नाली निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसमें नाली बनाने के आड़ में पानी पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सिलपट के दर्जनों घरों में पानी सप्लाई बंद है, ग्रामीण जैसे तैसे करके पानी कि व्यवस्था कर रहें है।

नाली खुदाई के समय ठेकेदार को पाइप लाइन के बारे में अवगत कराया गया था और उनसे पाइप लाइन को छोड़कर दूसरे तरफ से नाली निर्माण के लिए माँग किया गया था, लेकिन ठेकेदार ने ग्रामीणों की एक न सुनी और पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे ग्रामीणों को समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के बारे में ठेकेदार ग्रामीणों के साथ ठीक से बात भी नहीं कर रहें है।



सिलपट के ग्रामीण राहुल जाम्बुलकर, स्काउट साहू, शिवलाल, छबिलाल, दुवारू राम, ग्राम पटेल रामदयाल, धनु राम साहू ने पाइप लाइन को ठीक कराने के लिए अपील कर रहें है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार के मैनेजर ने बताया है कि एक-दो दिन में पाइप लाइन को सुधार कर दिया जाएगा।

## कैडेट्स के बेहोश पर एनएनएस शिविर एक दिन पूर्व किया बंद

**धनेलीकन्हार।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई मोदे का सात दिवसीय शिविर का समापन 31 दिसंबर को होना था, परंतु इस शिविर में शामिल राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स 29 और 30 दिसंबर को बेहोश होने लगे। गंभीर परिस्थिति को देखते हुए शिविर को एक दिन पहले ही बंद करना पड़ा। कैडेट्स के बेहोश होने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई मोदे का शिविर का शुभारंभ 25 दिसंबर को कापसी के सरपंच चेतन नुरेटी के मुख्य आतिथ्य, ग्राम पटेल रामाराव हिड़को की अध्यक्षता और प्राचार्य सीआर के विशेष आतिथ्य में हुआ। शिविर का समापन 31 दिसंबर को होना था, परंतु कैडेट्स के बेहोश होने के कारण एक दिन पूर्व ही कार्यक्रम को समाप्त करना पडा। कार्यक्रम अधिकारी कुमार मंडावी ने बताया की इस आवासीय शिविर में रहने वाले कैडेट्स अचानक बेहोश हो रहे है, इस समस्या को देखते हुए दोनो ग्राम के प्रमुखो सियानो के सुझाव से एक दिन पूर्व ही समापन किया जा रहा है। एनएसएस शिविर का आयोजन ग्राम कापसी के माध्यमिक शाला भवन में लगाया गया, जिसमें 41 कैडेट्स ने भाग लिया जिसमें 17 बालक और 24 बालिका थी। इनमें से 12 कैडेट्स बेहोश हो गए, जिनको बैगा के पास ले जाया गया, जहाँ कैडेटस ठीक हो गए। कैडेटस के बेहोश होने पर गांव के प्रमुख सियानों के सुझाव से एक दिन पूर्व ही समापन किया गया। विगत वर्ष कोरेटा में हुए शिविर में इसी तरह की समस्या आई थी। कैडेट्स के बेहोश होने का सही कारण आज तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। कापसी के शिविर का समापन एक दिन पहले 30 दिसंबर को किया गया।

समापन शिविर के मुख्य अतिथि सरपंच चेतन नुरेटी, अध्यक्षता रामाराव हिड़को, विशेष अतिथि प्राचार्य, उपसरपंच राधा बाई जैन, मेहत्तर पोया रहे। इस अवसर पर काशीराम सलाम, देवराम चिराम, ममता, प्रमिला चिराम, मनीराम यादव , शकुंतला दर्रो, नजीन दर्रो, भिकतीन कावडे उपस्थित रहे।

## उपभोक्ता आयोग ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के मालिक को दिलाया इंसाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक फैसले में क्षतिग्रस्त ट्रक के बीमा की राशि नहीं देने वाली बीमा कंपनी को सबक सिखाया है। पीड़ित उपभोक्ता रमेश कुमार को फैसले के अनुसार बीमा कंपनी द्वारा संपूर्ण राशि के साथ वार्षिक ब्याज देना होगा।

विवरण के अनुसार परिवादी रमेश कुमार कुमेटी ग्राम कड़मे तहसील अंतागढ़ द्वारा 6 वर्ष पूर्व श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी से 27 लाख रुपए में ट्रक का सौदा किया था, जिसकी बीमा राशि 27 लाख 50 हजार 322 रूपए श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी जयपुर राजस्थान से तय हुई थी, जिसकी किश्ते ट्रक मालिक नियमित जमा कर रहा था। दुर्भाग्य वश 3 अक्टूबर 2019 को मेटाबोदली लौह खदान से लौह भरकर उतर रही ट्रक का ब्रेक फेल हो गया और गाड़ी खाई में गिरकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। परिवादी ट्रक मालिक ने बकायदा लिखित शिकायत थाने में किया और बीमा कंपनी को भी जानकारी दिया।

इसके अलावा रायपुर स्थित वर्धमान ऑटो कंपनी से व्हीकल सुधार के लिए एस्टीमेट 38 लाख 27 हजार 284 रूपए का दिया गया, लेकिन बीमा कंपनी ने कुछ नहीं किया। केवल सर्वेयर हानि निर्धारक लगा दिया, जिसने बीमा कंपनी का अनावश्यक पक्ष लेते हुए 38 लाख की हानि को मात्र 5 लाख की हानि बताया और ट्रक विक्रेता द्वारा भी बार-बार नोटिस देकर परिवादी को मानसिक तथा आर्थिक रूप से परेशान किया जाने लगा।

पीड़ित उपभोक्ता ट्रक मालिक ने मजबूर होकर अंत में उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग के अध्यक्ष सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी ने पीड़ित का पक्ष सुनाया और उनके फैसले के अनुसार बीमा कंपनी द्वारा संपूर्ण राशि 27 लाख 50 हजार 322 रुपए और उस पर परिवाद प्रस्तुति 27 फरवरी 2021 से संपूर्ण रकम दी जाने तक 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का निर्णय सुनाया और एक माह के अंदर भुगतान नहीं किए जाने पर ब्याज की राशि 9 प्रतिशत वार्षिक कर दी जाएगी। परिवादी को मानसिक आर्थिक क्षति एवं परेशानी की क्षतिपूर्ति 10 हजार एक माह के भीतर देने और मुकदमे का परिवाद व्यय 5 हजार भी वहन करने का फैसला सुनाया गया।

### सराधुनवागांव में तीन दिनी गायत्री महायज्ञ जारी

**चारामा।** विकासखंड चारामा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सराधु नवागांव में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 29 दिसंबर से शुरू हो गया, जिसमें पतंजलि योग समिति तहसील चारामा के योग प्रशिक्षक केशव जैन व माली के द्वारा सुबह 6 से 7 बजे तक गांव में योग कराया जा रहा है। दोपहर 1 बजे महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली, जिसके बाद गंगा पूजा, द्वीप प्रज्वलन और संध्या बेला पर प्रज्ञा पुराण कथा हुआ। इस दौरान प्रताप सिंग सेवता, अजय नाग, राजू निषाद, मानसिंह रजक, लंकेश्वर साहू, डेकेंद्र सिन्हा, तोष कुमार धनकर, तुलसी पाल, शकुंतला निषाद, गायत्री धनकर, चंद्रिका धनकर, कुमारी बाई साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहें।

## प्रशासनिक कार्रवाई के बाद माफियाओं में मचा हडकंप

# अवैध परिवहन : एसडीएम ने 556 क्विंटल धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- धान खरीदी केंद्रों पर टीमों की लगातार निगरानी

पखांजुर में अवैध धान का परिवहन और अवैध धान की बिक्री आमबात है, हर साल मामले बनते है, परंतु कड़ी कार्रवाई आज तक नहीं हो पाने के कारण इस अवैध काम पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। पखांजुर एसडीएम ने 556 क्विंटल अवैध धान को परिवहन करते पकड़ा और नियमानुसार कार्यवाही किया है।



जानकारी के अनुसार पखांजुर और बांदे में प्रतिवर्ष अवैध धान परिवहन व बिक्री की शिकायत आती है और धोखाधड़ी के मामले भी दर्ज हुए है। कई मामले में आरोपी जेल भी गए है और कई आरोपियों को राजनैतिक संरक्षण मिल जाने से जेल जाने से बच भी गए। धान खरीदी एक माह से हो रही है और कई शिकायतें आ रही है, पहली बार कार्यवाही करने का प्रकरण इस वर्ष सामने आया है। पखांजुर एसडीएम एएस पैकरा द्वारा पीव्ही 92 धर्मपुर थाना छोटेबेठिया अंतर्गत दीपचंद बैरागी को 901 बोरी (360 क्विंटल) और अरुण शील को 491 बोरी (196 क्विंटल) धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर मंडी अधिनियम के तहत जप्ती की कार्यवाही की गई। एसडीएम ने कहा कि शिकायत मिलने पर इसी तरह की कार्यवाही की जाएगी। विभाग के अन्य सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि लगातार दौराकर अवैध धान परिवहन करने वालों पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। प्रशासन की टीम और अन्य विभागों की टीम लगातार धान खरीदी केंद्रो की जाँच कर रही है और अवैध धान आने वालों पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी किसान को इस तरह की जानकारी मिलती है, तुरंत जानकारी दें। अवैध धान का परिवहन व विक्रय करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

जप्ती की कार्यवाही के दौरान बांदे थाना के नगर निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, सहायक उपनिरीक्षक गिरीश चंद्र कुर्रे, कृषि विभाग के अधिकारी मनोज सरकार सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# वीर बालक दिवस पर प्रश्न मंच व रंगोली स्पर्धा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर गीदम में वीर बालक दिवस के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। अंतिम दिन भैया बहनों के मध्य प्रश्न मंच प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 12 भैया बहनों ने वही रंगोली प्रतियोगिता में 6 बहनों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेता भैया बहनों को अभिभावक शशि भूषण जैन व करती दादा के द्वारा सम्मानित किया गया।

## मोदी की गारंटी 100 दिनों में करेंगे पूरा

# 18 लाख आवास, बकाया बोनस का वादा पूराः केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी 100 दिन में पूरा करेंगे। 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदने का वादा हमने सरकार बनते ही पूरा किया। किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया। आने वाले समय में जनता के हितों को ध्यान में रखकर सभी कार्य करेंगे। उक्त बातें वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कही।

- विभागीय समीक्षा के साथ जनता के हितों को ध्यान में रखकर करेंगे सभी कार्य

वन मंत्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनता ने जो विश्वास मोदी की गारंटी पर जताया है उसे पूरा करेगी। 100 दिनों में सभी वादे पूर्ण करने के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम में जुट गई है। 18 लाख आवास, 2 वर्ष का बकाया बोनस, 3100 रुपये समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदने का वादा हमने सरकार बनाते ही पूरा किया है।

## हसदेव वनक्षेत्र को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन केवल दिखावा

### वन संपदा पर वनवासियों का पहला हक



केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन सम्पदा, खनिज संपदा की प्रचुरता है। हमारे वनवासी भाइयों का जीवन वनोपज पर आधारित है। वनोपज का सही तरीके से उन्हें मूल्य प्राप्त हो, खरीदी की व्यवस्था बेहतर हो। इस बात की विशेष चिंता की जाएगी। पूर्व में भाजपा सरकार ने वनोपज संग्रहकों को चरण पादुका, बोनस देने का कार्य किया था। उन सभी लाभकारी योजनाओं का समीक्षा कर पुनः संचालित करने का कार्य करेंगे।

### हसदेव एमओयू की समीक्षा

हसदेव जंगल की कटाई पर वन मंत्री केदार कश्यप ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि हसदेव को लेकर जो भी एमओयू हुआ है उस फाइल को देखूंगा। जो भी टर्म्स कंडिशंस हैं उसे देखकर आगे विचार करेंगे। वहीं कांग्रेस के विरोध पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने दिखावे के लिए विरोध कर रही है। जिन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ को उजाड़ दिया उनके दिखावे को जनता समझ रही है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे मामले में क्या अनुबंध हुए हैं, क्या टर्म्स एंड कंडीशन हैं उसको देखकर फिर बात करेंगे। कांग्रेस सरकार दिखावे के लिए विरोध कर रही थी। जो भी हुआ है वह सब की जानकारी में है। हमारे वहां के वनवासी भाइयों के साथ, आदिवासी भाइयों के साथ कोई अहित न हो इस बात का ध्यान रखा जाएगा। इस पूरे मामले को देखूंगा फिर मैं कुछ कह पाऊंगा।

### प्रधानमंत्री और केंद्रीय नेतृत्व का जताया आभार

वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग की जिम्मेदार मिलने पर केदार कश्यप ने कहा कि इसके लिए मैं प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं। जो जवाबदारियां दी गई हैं, उसे मैं हर संभव पूर्ण करने का प्रयास करूंगा। जिस गारंटी के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, जिस संकल्प को लेकर जनता के बीच हम गए थे। उस संकल्प को शत प्रतिशत पूरा करें यही हमारी प्राथमिकता होगी।

# शोकाकुल परिवार से मिलकर विधायक ने मदद का दिया आश्वासन



**जगदलपुर।** चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने बड़े बोदेनार रामापारा पहुंच परिवार से मिल कर ढांढस बंधाया साथ ही आर्थिक मदद कर आरोपी को कठोर दण्ड दिलाने की बात कही। दरअसल एक सप्ताह पहले कोड़ेनार थाना अंतर्गत ग्राम बड़े बोदेनार रामा पारा में नाबालिग बच्ची के साथ एक 30 वर्षीय युवक ने बलात्कार कर घायल कर दिया था। जिसका इलाज डीकेएस रायपुर अस्पताल में चल रहा था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। जिसका शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। विधायक अंतिम संस्कार में शामिल हो कर शोकाकुल से मुलाकात किए तथा मौजूद एसडीओपी, कोड़ेनार थाना प्रभारी तथा बीईओ को छात्र सुरक्षा योजना की राशि तथा प्रशासन से मिलने वाली राहत राशि जल्दी परिवार को दिलाने निर्देशित किया।

# सुशासन सप्ताह के अंतर्गत मुक्तिधाम में विशेष सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह के अंतर्गत नगर पंचायत गीदम के मुक्ति धाम में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीपी ध्रुव के निर्देशानुसार समस्त सफाई कर्मी के साथ-साथ नगर पंचायत के जनप्रतिनिधिगण एवं कर्मचारी इस वृहद सफाई अभियान में शामिल रहे।

# सिन्धी समाज मनाएगा विश्व सिंधु बहराणा साहिब दिवस



**जगदलपुर।** सिन्धी समाज ने 1 जनवरी को विश्व बहराणा साहिब दिवस मनाने का निर्णय लिया है। सहसचिव हरेश नागवानी ने बताया कि समाज की भावी पीढ़ी को सिन्धी भाषा, बोली, संस्कृति, सभ्यता का ज्ञान प्राप्त हो इसी मकसद से विश्व सिंधु बहराणा साहिब दिवस शुरू किया जा रहा। महिला विंग सचिव भारती लालवानी ने जानकारी दी कि विश्व सिंधु बहराणा साहिब दिवस की शोभायात्रा के साथ सिंधी शेज डांडिया पर नृत्य करेंगे। बहराणा साहिब शोभायात्रा सिन्धी गुरुद्वारा से निकलकर झूलेलाल मार्ग होते हुए मेन रोड, गोल बाजार, सिरहासार चौक, बलिराम कश्यप चौक होते हुए महादेव घाट पहुचेंगे, जहां पल्लव, अरदास पश्चात ज्योत का विसर्जन किया जाएगा।

# तिमेड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बीजापुर जिले के अंतिम छोर ग्राम पंचायत तीमेड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्रीनिवास राव मुदलियार एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती जया चिडेम एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कीर्ति बापू, भाजपा के मंडल अध्यक्ष वेंकटेश्वर यालम रहे हैं।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर, कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भोपालपटनम जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवम उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्रीनिवास राव मुदलियार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांवों के गरीब अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और सभी क्षेत्र के लोगों को इन योजनाओं से लाभान्वित हो। इसी संकल्प को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार आने वाले 5 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश एवं क्षेत्र वासियों को दिया जाएगा। इस अवसर पर मोदी गारंटी के अंतर्गत केंद्र शासन की योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों को मुख्य अतिथियों के कर कमलों से प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संकल्प विकसित भारत संदेश को निशब्दता से सुनी, कार्यक्रम में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री का संदेश और योजनाओं का जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र ग्रामीणों के समक्ष प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर पंडाल में स्टाल लगाकर आयुष्मान कार्ड का वितरण उज्जवला गैस योजना फार्म वितरण प्रधानमंत्री आवास योजना का हितग्राहियों की आवेदन लिया गया है और स्वास्थ्य शिविर लगाकर आए हुए मरीजों का इलाज कर उन्हें उपचार कर निशुल्क दवाइयां वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राही तीमेड, पंचायत के नरेंद्र झाड़ी, आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित रीता मारकोंडा, और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से लाभान्वित सुनीता मडे ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद अर्पित किया। इस कार्यक्रम में आर टी आई सेल अध्यक्ष मुर्गी शेट्टी, महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला आत्रम, ग्राम पंचायत के सरपंच नीना गोटा, जिला एनजीओ प्रकोष्ठ के सहसंयोजक के श्रीनिवास राव जिला मीडिया प्रभारी सुरेश पर्वत गिरी समस्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन सिद्धू अंबाला के द्वारा किया गया है।

# शिविर में ब्लड प्रेशर और मधुमेह की जांच लोगों ने कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इनर व्हील क्लब ने शहीद पार्क के सामने शनिवार को बीपी शुगर जांच शिविर लगाया। आम जनता को डायबिटीज, ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूक करने के लिए निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. आजाद डायग्नोस्टिक सेंटर के प्रीति आजाद की उपस्थिति में किया गया। अध्यक्षा ममता राणा ने बताया कि 240 व्यक्तियों ने ब्लड प्रेशर, डायबिटीज की जांच करवाई। बहुत से व्यक्तियों को यह पता भी नहीं था कि उन्हें डायबीटीज है। उन्हें इस शिविर में ही पता चला। कुछ व्यक्तियों का ब्लड शुगर अधिक था जिनकी उन्हें जानकारी नहीं थी। कुछ व्यक्ति ऐसे भी थे जिन्हें पता था कि उन्हें बीपी और शुगर है पर कोई तकलीफ नहीं होने या जांच कराने पर नॉर्मल आने पर दवाई लेना बंद कर चुके थे। प्रीति आजाद ने कहा रेगुलर बीपी और शुगर की जांच कराये। भारत में बहुत अधिक व्यक्ति शुगर से ग्रसित होते हैं पर उन्हें पता ही नहीं होता क्योंकि वे जांच नहीं करवाते। 40 वर्ष और ऊपर के सभी व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से 6 महीने या साल में कम से कम एक बार रेगुलर बीपी और शुगर की जांच करवाते रहना चाहिए। इस दौरान उषा गोंदीं, अरुणा जोबनपुत्रा, लाइबा चामड़िया, अमितेश, उर्मिला सहित इनरव्हील की सदस्य एवं डॉक्टर उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/ मुरतोंडा



विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत मुरतोंडा में आयोजित कार्यक्रम सभा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय हाई स्कूल मुरतोंडा के छात्रों ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें सर्व प्रथम स्वागत गीत गायत्री यादव, सरोज यादव व बैजन्ती यादव ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात राहुल व साथियों के द्वारा जैविक व प्राकृतिक खाद उपयोग करने का संदेश देने के लिए एक लघु नाटक का मंचन किया।

भारत करे पुकार के प्रस्तुत सभा मे सभी को प्रेरित किया तथा मंचासीन अथितियों व सभासदो ने नाटक द्वारा प्रस्तुत संदेश का भूरा भूरा प्रसंसा किए। इके पश्चात सरिता यादव ने हल्बी एकल गीत के माध्यम से छ.ग. महतारी व बस्तर माटी का बंदन किया गया। देवकी व साथी के द्वारा सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जो लोक गीत के माध्यम से विकसित भारत के चरित्रों को दर्शाता है। विद्यालय व शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मे से बालिकाओं के लिए महारानी लक्ष्मीबाई आत्मारक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त करने कराटे का प्रदर्शन शाला के बालिकाओं ने किया। अंतिम संस्कृतिक प्रस्तुति सरोज यादव व साथियों के द्वारा स्वच्छता पर आधारित सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जो कार्यक्रम का आकर्षण का केन्द्र रहा है। इस शिविर में सभी विभागों के द्वारा संचालित कार्यक्रम व योजनाओं का स्टल लगे जहाँ स्कूल के सभी विद्यार्थियों के द्वारा अवलोकन कर योजना के बारे में जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम मे विद्यालय के ओर से संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभा का आकर्षण के केन्द्र बनने पर शाला प्राचार्य अशोक कुमार मिस्त्री ने छात्रों एवं शाला के शिक्षकों को बधाई दिया।इस अवसर पर शाला के सभी छात्रों के साथ साथ प्राचार्य अशोक कुमार मिस्त्री, प्रधानपाठक उर्मिला बेसरा, शिक्षक कट्टम देवा, हपका रामबाबू, जनकी साहु, सहा. ग्रे. सुरेखा नेताम , भृत्य श्याम सुन्दर बघेल , स्वच्छक जीडो संकुल सम्वयक कुलेश्वर साहु उपस्थित रहे।

# वीर बाल स्पर्धा के विजेताओं को विधायक ने किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशन पर महिला बाल विकास विभाग तत्वाधान में जिला स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला ग्रंथालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यक्रम का सम्बोधित करते हुए क्षेत्र के विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 9 जनवरी को प्रकाश पर्व के अवसर पर घोषणा की थी कि सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह के दो साहबजाद को श्रद्धांजलि देने इस साल 26 दिसंबर को पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण सिंह नागेश ने बताया कि जिले में वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला स्तर नगर पालिका वार्ड ब्लॉक ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही जिले के सभी महाविद्यालयों चिन्हांकित स्कूल एवं सभी पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं में बच्चों के साथ विभिन्न खेल,चित्रकला, निबंध कविता एवं भाषण प्रतियोगिता के आयोजन हुए साथ ही इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं और किशोरों में देश की महान विभूतियों, महिलाओं का राष्ट्रनिर्माण के लिए योगदान का स्मरण कराना एवं मूल्यों को स्थापित करना और एकता को सुदृढ़ बनाना है।

मौके पर संस्कृति मंत्रालय की ओर से बनाई गई ऑडियो विजुअल की स्क्रीनिंग के साथ ही वीर बाल दिवस पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी के साथ वीर बाल प्रतियोगिता के विजेताओं को विधायक के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इसके साथ ही दन्तेवाड़ा के महाविद्यालय में भी वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया।

# मड़से पहुंचे विधायक चैतराम ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी मिलन समारोह में गीदम ब्लॉक के ग्राम मड़से पहुंचे जहा ग्रामीणों ने अटामी का भव्य स्वागत किया। अटामी लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे है और इसी तारतम्य में वे आज मड़से पहुंचे, जहा उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी व प्रशासनिक स्तर पर दिशा निर्देश देते हुए जल्द ही समस्या के निराकरण हेतु आग्रह किया। तत्पश्चात विधायक जिला पंचायत सदस्य संगीता नेताम के माता के शौक श्रद्धांजलि समारोह में शामिल होने घोटपाल पहुंचे व मृत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### कोरोना पर अलर्ट मेकाज में 35 बेड रिजर्व



**जगदलपुर।** शहर में कोरोना के 3 मरीज मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया है। कोविड पॉजिटिव पाए जाने पर इसके जीनोम सिक्वेंसिंग जांच के लिए सैंपल रायपुर एम्स भेजे गए। डॉक्टरों ने तीनों मरीजों को होम आइसोलेशन में शिफ्ट किया है। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग ने महारानी अस्पताल, डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में कोरोना की जांच की जा रही है। शासन के गाइडलाइन के बाद स्वास्थ्य विभाग लोगों को जागरूक करने कमर कस ली है और मेकाज में 35 बेड रिजर्व रखा गया है। मेकाज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कोविड-19 संक्रमण नियंत्रण में है, लेकिन इसके लगातार बदलते वैरिएंट पर नजर रखना जरूरी है।

### हसदेव जंगल कटाई के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर बस्तर जिला शहर युवा कांग्रेस के द्वारा हसदेव जंगल के कटाव के विरोध में प्रदर्शन किया गया। बस्तर जिला शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अजय बिसाई के नेतृत्व में गोल बाजार चौक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला फूंका गया और प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की गई। उन्होंने बताया कि जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी तब हसदेव को लेकर घड़ियाली आंसू बहाया करती थी जबकि 2018 से पूर्व रमन सरकार के दौरान हसदेव के तीन कोल ब्लॉक को उद्योगपतियों को आबंटित करने का कार्य बीजेपी की सरकार ने ही किया था। 2018 से 2023 के बीच भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार ने इन तीन कोल ब्लॉकों में से दो के आबंटन को रद्द कर दिया था एवं हसदेव में कट रहे जंगल को भी काटने से रोका था। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी अतिरिक्त शुक्ला, नरेन्द्र तिवारी, सुभाष गुलाटी, सहदेव नाग, एम. वेंकट राव, ईश्वर बघेल, पापिया गायीन, विक्रांत सिंह, रोहित पानीग्राही, रीका कर्मा, एस. नीला, माहि श्रीवास्तव, सत्या ठाकुर, विशाल खंबारी, शेख अयाज़, पंकज केंवट, करणजीत सिंह रंधावा, भूपेन्द्र नाग, चिराग साहू, राहुल पांडे, रेहान खान, अयाज खान, यश पटेल मृणाल सिंह, राहुल पटेल, यश बघेल, मोहित पांडे सहित युवा कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति दी व लिया प्रसाद

**जगदलपुर।** नगर के दंतेश्वरी मंदिर के सामने स्तिथ टाउन क्लब मैदान में 23 दिसम्बर से चल रही श्रीमद् भागवत कथा 30 दिसम्बर को विश्रांति हो गया। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया, भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथा वाचक अंकुश महाराज ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। श्री राधा रमण समिति द्वारा भागवत कथा का सात दिवसीय आयोजन कराया गया।

# आमाझोला में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शाउमा विद्यालय इच्छापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम आमाझोला वनों एवं पहाड़ियों से घिरा हुआ, शहर से कटा हुआ एवं दूर वनांचल में स्थित है राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई इच्छापुर का सात दिवसीय शिविर का आगाज किया गया। ग्राम आमाझोला ग्राम पंचायत इच्छापुर का आश्रित ग्राम है यह शिविर 3 जनवरी तक रहेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिमा तेता सरपंच इच्छापुर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सरपंच ने बच्चों से आव्हान किया कि आप सभी इस शिविर का आनंद लीजिए एवं आनंद पूर्वक समस्त चीजों को सीखकर अपने जीवन में उतारकर लोगों को भी अपने जैसे उदाहरण प्रस्तुत करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भूतपूर्व सरपंच मंशु लाल कावड़े ने बच्चों को शिविर के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्वयंसेवकों को शिविर नियम पालन का शपथ दिलाया गया।

बौद्धिक सत्र में यातायात विभाग के महावीर मिश्रा, विजय कुमार कोड़ोपी एवं सूर्य देव कुंजाम ने यातायात के नियमों को बहुत ही संजीदगी एवं विस्तार से एक-एक चीज को समझाते हुए बताने का प्रयास किया गया। बच्चों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बहुत ही रोचक पूर्ण ढंग से समझाते हुए सारे प्रश्नों का समाधान किया।

### आश्रित ग्राम आमाझोला का शिविर तीन तक जारी रहेगा



#### निर्देशों का पालन करें

कार्यक्रम के अंत में शिविर के संचालक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सतीश चंद्र प्रसाद ने कहा कि यहां पर जो भी बातें आपको समझाई गई बताई गई उसका अक्षरः पालन करें एवं अपने आसपास के लोगों को समाज के लोगों को आप समझाइए जागरूक करने का प्रयास कीजिए और सबसे बड़ी बात यह है कि आप पहले स्वयं इसकी जानकारी लिजिए समझिए और इसके पश्चात आप दूसरों को भी इसकी जानकारी दीजिए।

### समाज : परमेश्वरी देवी जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

# देवांगन समाज की बैठक में कई प्रस्ताव पारित, कार्यकारिणी का गठन अतिशीघ्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



नगर पंचायत चारामा में 29 दिसंबर को देवांगन समाज के दोनो प्रमुखों व कार्यकारणीय सदस्यों की एक संयुक्त बैठक हुई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए।

आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यो ने 25 वर्षो से अधिक किसी मनमुटाव के चलते दो धड़ों का बंट गए थे, जिसके चलते अलग-अलग संचालित हो रहा था। समाज में एकता, समाज का विकास, भाईचारा, सामाजिक समरसता लाने काफी दिनों से पहल किया जा रहा था। समाज प्रमुखों एवं सदस्यो ने परमेश्वरी माता की जय, देवांगन समाज की जय, जय देवांगन, जय महाजन के नारों के साथ विलय कर एक साथ कार्य करने व समाज को नई दिशा और गति देने की एक स्वर में निर्णय लिए।

देवांगन समाज एक होकर कार्य करेंगे। नगर चारामा में सिर्फ एक ही देवांगन समाज संचालित होग, जिसके लिए आने वाले दिनों में दोनो समाज के प्रमुखों व नगर समाज के सभी सदस्यों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस निर्णय से नगर चारामा के देवांगन समाज काफी उत्साहित है। सभी सदस्यों में खुशी का माहौल हैं, वही समाज प्रमुखों व कार्यकारिणी सदस्यों, युवा सदस्यो को समाज को विलय करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सबकी तारिफ किया।

युवा वर्ग काफी उत्साहित नजर आए आने वाले फरवरी माह में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर देवांगन परमेश्वरी पुराण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे नगर समाज में भव्य मोटर साइकिल यात्रा एवं कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए मातृत्व शक्ति महिलाओं व युवा वर्ग काफी उत्साहित और जोश में है।

इस अवसर पर कांकेर राज देवांगन समाज के अध्यक्ष अमृत लाल देवांगन, संरक्षक देवसाय देवांगन, चारामा समाज के अध्यक्ष संतुराम देवांगन, अध्यक्ष धनेश्वर देवांगन, सचिव शिव देवांगन, महेश देवांगन, दयालु देवांगन, रामू देवांगन, घनश्याम देवांगन, आनंद देवांगन, भारत देवांगन, गीता देवांगन, खेमलाल देवांगन, नंदू देवांगन, जीवन देवांगन, खोरबाहरा देवांगन, चुन्नू देवांगन, छोटू देवांगन, भागी देवांगन, साकेत देवांगन, दीपक देवांगन, गौतम देवांगन, प्रदीप देवांगन, मिथलेश देवांगन, रोहित देवांगन, जीतू देवांगन, उमेश देवांगन व अन्य उपस्थित रहें।

# रासेयो स्वयंसेवकों ने दाबकट्टा में श्रमदान कर साफ-सफाई की





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

ग्राम दाबकट्टा में एनएसएस इकाई साल्हे द्वारा सात दिवसीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। पंचम दिवस पर विधायक सावित्री मंडावी शामिल हुई। उन्होंने शिविरार्थियों के मनोबल को बढ़ाया और पढ़ाई के प्रति सजक की। उन्होंने विद्यालय के लिए सायकल स्टेण्ड शेड निर्माण की घोषणा की।स्वयं सेवकों द्वारा परियोजना कार्य के तहत रंगमंच का जीर्णोद्धार, गोटापारा स्कूल मैदान का निर्माण, तालाब सफाई, गलियों के स्वच्छ्ता पर विशेष काम किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सहदेव साहू ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम मातृ एवं पोषक इकाई शहीद महेन्द्र कर्मा वि. वि. जगदलपुर डा. डी. एल. पटेल कार्यक्रम समन्वयक रा. से. यो. एवं खेल युवा मंत्रालय भारत सरकार के नियंत्रण व मार्गदर्शन में संचालित किए जा रहे है। बौद्धिक परिचर्चा सत्र के दौरान डा. किरण साहसी अति. उपसंचालक एवं एस.सी. डे सहयोगी पशुचिकित्सा अधिकारी भानुप्रतापपुर ने पशुधन की महत्ता, करियर मार्गदर्शन आदि विषयों पर सविस्तार चर्चा की। अतिथि उद्बोधन के दौर में योगेंद्र साहू प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन भानुप्रतापपुर द्वारा रोचक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान किया गया 1 मौके पर चंदू तारम लालचंद चालकी, अम्बा, ललिता, बिरझो, सीमा, वीणा, सिरोजा, सारिका, माहेश्वरी, नरिंदा लालिमा आदि ग्रामीण व स्वसहायता समूह के सदस्यों की उपस्थित रहे।सम्पूर्ण कार्यक्रम में ग्रामीण युवा, युवती, स्वसहायता समूह के सदस्यों तथा गायता, पटेल आदि का सहयोग मिल रहा है।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सरोना तहसील के अंतर्गत शाउमावि अभनपुर का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन चिहरीपारा अभनपुर में किया गया था, जिसका 30 दिसंबर को समापन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने कहा कि शाउमावि अभनपुर की छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से गांव में जो कार्य किया है, वह उल्लेखनीय है। यह ग्रामीणो के लिए यादगार पल रहा। विशेष अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से विद्यालय के छात्र छात्राओं ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया, चबूतरा का निर्माण किया एवं गांव की ग्रामीणों को गांव को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। हमें हमेशा एक दूसरे को सहयोग करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छात्र-छात्राओं को समाज सेवा के साथ पढ़ लिखकर देश सेवा में भी अपनी भागीदारी निभाएं।

समापन कार्यक्रम में सरपंच भावऊराम भास्कर, टिकेश्वर सिंहा, सगे सिंह वट्टी, अनीता वट्टी, दुर्गेश शोरी, फूलचंद नाग, भुनेश नेताम, बीएल साहू, आरपी नेताम, मनीष साहू, अर्जुन नेताम, सुनीता शोरी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# भानुप्रतापपुर कालेज के प्राध्यापक और विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

**कांकेर।** भानुप्रतापदेव महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के अतिथि प्राध्यापक एवं छात्रों के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम, विभागाध्यक्ष डॉ. व्हीके रामटेके समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापकः डॉ.बसंत नाग के प्रेरणा से रक्तदान किया। रक्तदान महादान है, यह दूसरों को नया जीवन देता है। समाज के नागरिक होने के नाते हम सभी का मूल कर्तव्य है खुद जिए और जीने का अवसर प्रदान करें। रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. व्हीके रामटेके ने कहा कि रक्तदान करने पर जो आत्मिक आनंद और आत्म संतुष्टि मिलती है, उन्हें शब्दों में बयान नही किया जा सकता। डॉ. बसंत नाग ने कहा कि रक्तदान करने पर शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया तीव्र हो जाती है। रक्तदान का महत्व का एहसास तब होता है जब हमारे निकटतम व्यक्ति जीवन और मृत्यु से जुझ रहा हो। रक्तदान करने से दिल की बीमारियों की संभावना को कम करता है, रक्तदान के द्वारा दूषित कोलेस्टॉल को हटा सकते हैं, शरीर में नए खुन का इजाफा होता है, हार्ट अटैक की संभावनाएं 88 प्रतिशत कम होती है। पुनित राम उइके ने 18 बार रक्तदान किया और उन्होंने कहा रक्तदान करने जो खुशी महसूस होती है, वह हमे इंसानियत का बोध कराती है। सुरेन्द्र जुरों ने तीसरी बार, गोविन्द सिन्हा पांचवी बार, कुंदन निषाद ने पहली बार, पिकेश्वर साहू 10 वीं बार, अभिलाल बोगा 13 बार, राजेन्द्र दुग्गा 11 बार, राजेन्द्र नेताम 9 बार, गोविन्दा हरिवंश 2 बार, भगवान दास पटेल 23 बार, कमल नारायण 3 बार, भारतो पटेल 6 बार रक्तदान किया हैं।

# दस साल बाद भी अस्तित्व में नहीं आया राजस्व ग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



दस साल पूर्व घोषित जिले के 109 वन ग्राम आज भी राजस्व ग्राम बनने के लिए तरस रहे हैं। राजस्व ग्राम का लाभ नहीं मिलने से सालों से पीड़ित न्याय के लिए कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इस मसले को कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने तुहंर द्वार तुहंर प्रशासन की तर्ज पर राजस्व टीम का गठन कर राजस्व गांव को अस्तित्व में लाने की बड़ी पहल की है। 75 गांवों में राजस्व टीम ने पहुंचकर भू - अभिलेख का कार्य कम्पलीट कर लिया है। 12 गांव में कार्य प्रगति पर है, जबकि गांवों में शासन द्वारा कार्य एजेंसी नियुक्त नहीं किया गया है। घोषित राजस्व ग्राम केकराखोली के निवासी राजकुमार ध्रुव, सुबेलाल ने बताया कि 10 साल पहले 2014 में शासन ने केकराखोली को वनग्राम से राजस्व ग्राम बनाने की घोषणा की थी। इस घोषणा से गांव के लोग काफी उत्साहित थे कि अब वे फसलों को समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे। लोगों द्वारा काबिज जमीन का सीमांकन तथा पट्टा मिलने से आपसी जमीन विवाद समाप्त होगा। वन अधिकार पट्टा मिलने से उनके कई हितकारी काम होंगे, लेकिन 10 साल बीतने को है, आज तक उन्होंने राजस्व ग्राम का लाभ नहीं मिल पाया है। राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने बताया कि 109 वनग्रामों में से 75 गांवों में राजस्व टीम ने पहुंचकर गांव का सीमांकन किया। लोगों की काबिज जमीनों की नापजोख कर बी वन, खसरा आदि सारे काम कम्पलीट किये जा चुके हैं। भुंईया साफ्टवेयर में अपलोड हो चुका है। वहीं 12 गांवों में यह कार्य जारी है। जबकि 22 गांव में शासन ने कार्य एजेंसी नियुक्त नहीं किया है। उन्होंने बताया कि पूर्ण बंदोबस्त राजस्व गांव बनने में 3 से 4 साल का समय लग जाता है। राजस्व का प्रशिक्षित अमला द्वारा जीपीएस सेटेलाइट एमेजिंग सिस्टम के माध्यम से सीमा का निर्धारण, भूखंडों को विभाजित, सर्वे, रकबा बटारी किया जाता है। शासकीय एवं निजी संपत्ति अधिकार अभिलेख तैयार कर प्रकाशन किया जाता है। दावा आपत्ति का निराकरण, राजस्व अभिलेख नकल, खसरा, बी वन, निस्तार पत्रक, इस तरह से वाजिब कुल पांच चरणों में गांव बनाने की प्रक्रिया होती है।

# शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन पहुंचा दस ग्राम पंचायतों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर






विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन शनिवार को जिले के दस ग्राम पंचायतों में बस्तर विकासखंड के बागमोहलाई, बागमोहलाई-2, जगदलपुर विकासखंड के बड़े मुरमा, जामावाड़ा, विकासखंड लोहंडीगुड़ा के पारापुर, मटनार, विकासखंड दरभा के ककनार, मवालीपदर-2 और विकासखंड बकावंड के दशापाल, मसगांव में पहुंचकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देने कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ग्रामीणों की उपस्थिति में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मसगांव में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे ने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलवाई। संकल्प यात्रा शिविर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामों को ओडीएफ और स्वच्छता के लिए प्रमाण पत्र भी दिए। साथ ही पंचायत को शत-प्रतिशत डिजिटल भू अभिलेखीकरण का प्रमाण पत्र और पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने योजना का लाभ लेकर हुए फायदा का अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाई वितरित की गई।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक ने प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में किसानों को जानकारी दी। हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी मेरी कहानी-मेरी जुबानी को ग्रामीणों के साथ साझा की। इस दौरान जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

